ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 10-09-2021

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-09-10 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-09-11	2021-09-12	2021-09-13	2021-09-14	2021-09-15
वर्षा (मिमी)	12.0	10.0	4.0	3.0	3.0
अधिकतम तापमान(से.)	32.0	32.0	34.0	34.0	35.0
न्यूनतम तापमान(से.)	23.0	22.0	21.0	22.0	22.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	65	70	65	70	70
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	45	50	45	45	50
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	12.0	9.0	8.0	7.0	9.0
पवन दिशा (डिग्री)	90	45	30	90	130
क्लाउड कवर (ओक्टा)	7	7	6	7	4

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (3 – 9 सितम्बर , 2021) में 0.0 मिमी वर्षा होने व आसमान मे मध्यम से घने बादल छाये रहे। अधिकतम तापमान 33.0 से 35.0 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 25.0 से 27.1 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 77 से 93 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 54 से 69 प्रतिशत एवं हवा 1.4 से 6.3 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व-उत्तर-पूर्व व पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चली। आगामी पांच दिनों में कहीं-कहीं हल्की वर्षा होने की संम्भावना है, 10 व 11 सितम्बर को वर्षा 10-11 मिमी होने व तदपश्चात् 12 से 14 सितम्बर को कहीं-कहीं बहुत हल्की लगभग 3 से 4 मिमी तक वर्षा हो सकती है।अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 32.0 से 35.0 व 21.0 से 23.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 7.0-12.0 किमी/घंटे की गति से उत्तर-उत्तर-पूर्व व दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 15 से 21 सितम्बर के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से अधिक, अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई आकाशीय बिजली की गतिविधि प्राप्त करने के लिए "दामिनी ऐप" और पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" डाउनलोड करें। दामिनी ऐप और मेघदूत ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि उधम सिंह नगर के लिए एनडीवीआई 0.35-0.50 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम से अच्छी है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से उधम सिंह नगर जिले में हल्की सूखे की स्थिति दर्शाता है। किसान भाई रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर ही करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में कहीं-कहीं हल्की वर्षा होने की संम्भावना है, 10 व 11 सितम्बर को वर्षा 10-11 मिमी होने व तद्पश्चात् 12 से 14 सितम्बर को कहीं-कहीं बहुत हल्की लगभग 3 से 4 मिमी तक वर्षा हो सकती है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	धान में भूरा फुदका का प्रकोप होने और यदि संख्या बहुत अधिक है तो, क्लोथियानिडिन 50 डब्ल्यू डी जी 30ग्राम/है का तने पर छिड़काव करें। धान में आभासी कण्ड का प्रकोप होने पर कॉपर हाइड्रॉक्साइड 77 डब्ल्यू पी (कोसाइड) का 2 किग्रा/है. की दर से छिड़काव करें। छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर, मौसम साफ होने पर ही करें।
गन्ना	गन्ने में मिली बग को नियंत्रित करने के लिए मोनोक्रोटोफॉस का 2 मिली /लीटर पानी की दर से छिड़काव करें। छिड़काव हवा व वर्षा के मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
बैंगन	बैगन में फ़ोमोप्सिस झुलसा रोग की प्रारंभिक अवस्था दिखाई दे रही है इसकी रोकथाम हेतु कार्बेन्डाजिम का 1 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें। छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
गोभी	किसान भाई फूलगोभी की पछेती किस्मों की बुवाई कर सकते है।
चुकंदर	मैदानी व तराई क्षेत्रों में चुकुन्दर की बुवाई इस माह कर सकते है।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हरे चारे से साइलेज तैयार करें। साथ ही पशुओं को हरे चारे में सूखा चारा मिलाकर दें।